आर0के0 कुँवर
निदेशक

उत्तराखण्ड शासन

माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड
ननूरखेड़ा तपोवन रोड देहरादून
☎ 0135 2781440 फैक्स – 2781903
ई–मेल edu_ua@yahoo.co.in
संख्या 24148 दिनांक 21/01/2021

"गणतंत्र दिवस सन्देश"

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा विभाग के समस्त विद्वान शिक्षक साथियों, प्यारे छात्र–छात्राओं, सम्मानित अभिभावकों एवं समस्त अभिकर्मियों को 72वें गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाऐं।

आज ही के दिन 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था। हमारे संविधान निर्माताओं द्वारा 2 वर्ष 11 माह 18 दिन के अथक प्रयत्न करने के उपरान्त तथा संविधान सभा द्वारा संविधान के स्वरुप को अंगीकार किया गया।

भारतीय संविधान के अनुसार देश में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था लागू की गयी है, जिसमें जनता को मत देने का बहुमूल्य अधिकार प्रदत्त है। केन्द्र तथा राज्य सरकारों की विभिन्न संस्थायें, व्यवस्थापिका, कार्यपालिका तथा न्यायपालिका के स्वरुप में अपने–अपने दायित्वों का निवर्हन करती है।

मेरा विद्यालय के शिक्षकों से अनुरोध है कि देश की शासन व्यवस्था के सन्दर्भ में गणतन्त्र दिवस के सुअवसर पर बहुमूल्य जानकारी छात्र–छात्राओं को प्रदान की जाय। साथ ही देश के इतिहास की संक्षिप्त जानकारी देते हुए देश की स्वतन्त्रता में अपना योगदान करने वाले देश के वीर सपूतों एवं स्वतन्त्रता आन्दोलन में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की गाथाओं से बच्चों को परिचित किया जाय।

साथियों वर्ष 2020–21 का शिक्षा सत्र अद्यतन कोविड–19 वैश्विक महामारी के प्रभाव से काफी प्रभावित रहा है। इस वैश्विक संक्रमण से बचाव एवं रोकथाम हेतु हमारे शिक्षकों द्वारा जन–जागरण के माध्यम से तथा क्वारिन्टीन सेंन्टरों में स्वयंसेवी के रुप में कार्य करते हुये महत्वपूर्ण योगदान दिया गया। स्वास्थ्य विभाग , आपदा विभाग , शिक्षक स्वयंसेवियों आदि के सम्मिलित प्रयास से संक्रमण का प्रभाव काफी नियन्त्रित रहा। अभी कोविड–19 का खतरा पूरी तरह से टला नहीं, अतः हमारे शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर अभिकर्मियों को सरकार

द्वारा जारी कोविड–19 दिशा–निर्देशों का पालन करते हुए छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों को भी निरन्तर इस रुप में जागरुक किया जाना चाहिये क्योंकि महामारी में बचाव से ही सुरक्षा है। अतः विद्यालय स्तर पर भी एस0ओ0पी0 का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाय।

कोविड–19 संकमण के दौरान छात्र–छात्राओं को हमारे विद्वान शिक्षकों द्वारा ऑन लाईन शिक्षण, ई–कॉटेंट तथा वर्क बुक के माध्यम से सीखने में सहयोग करने का महत्वपूर्ण कार्य किया गया। कतिपय परिक्षेत्रों में कमजोर इंटरनेट कनेक्टीविटी के कारण परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। विद्यालयों में कक्षा 10 एवं 12वीं की कक्षाओं का कक्षा शिक्षण कोविड–19 के सन्दर्भ में जारी दिशा–निर्देशों के साथ आरम्भ हो चुका है। शीघ्र ही अन्य कक्षाओं के सन्दर्भ में राज्य सरकार के द्वारा निर्णय लिया जायेगा।

कोविड–19 महामारी के कारण उत्पन्न विकट परिस्थितियों को देखते हुए छात्र–छात्राओं का विशेष रुप से सौहार्दपूर्ण वातावरण में कक्षा–शिक्षण आरम्भ किया जाय क्योंकि लॉक डाउन के दूरगामी प्रभाव के कारण बच्चों में विश्वास उत्पन्न करने में कुछ समय लगेगा।

मेरा प्रदेश के शैक्षिक एंव शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अपील है कि प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा छात्र–छात्राओं एवं अभिभावकों में शिक्षण संस्थाओं के प्रति विश्वास बनाये रखने हेतु मनोयोग से प्रयास किया जाय। जिस से प्रदेश के नौनिहालों को हम सकारात्मक दिशा प्रदान कर सकें। यही हमारी प्रदेश एवं राष्ट्र के प्रति सच्ची सेवा होगी।

अन्त में एक बार पुनः सभी छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, शैक्षणिक अभिकर्मियों प्रधानाचार्यों एवं अभिभावकों को गणतन्त्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

जय हिन्द!

(राकेश कुमार कुंवर)
निदेशक,
माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा
उत्तराखण्ड।